(5) बाढ़ समायोजन के लिए अभिकल्पित सचय रखने की तुलना में गाधी सागर जलाशय का नि न स्तर पर प्रचालन।

(6) डाकुओ के भय का कारण रात्रि सिचाई का न होना।

(ग) राज्य सरकार ने सूचित किया है कि आयाकट विकास स्कीमें तैयार की जा रही है और क्षेत्र न लियों, जो किसानो की जिम्मेदारी है, के निर्माण मे तेजी लाई जा रही है। कृषि विभाग परियोजित फसल पैटर्न के अनुसार शीघ्रातिशीघ्र सिचाई कार्यों के विकास के लिए भी कदम उठा रहा है। गेहू की अधिक फसल देने वाली किस्म को शुरू करने के कारण स्कीम मे व्यवस्थित पानी को तुलना मे पानी का पर्याप्त मात्रा की आवश्यकता है जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र मे कमी आ गई। उन्होंने कहा है कि इसलिए अभिकल्पित क्षेत्रफल को संशोधित करने की आवश्यकता है और उसमे समुपयोजन और क्षमता के बीच का अन्तर और कम हो जाएगा।

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा पिछले 12 महीनों मे किये गये तथा आगामी 12 महीनो में किये जाने वाले ड्रिलिंग आपरेशन (खुदाई कार्य)

3093. श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने पिछले 12 महीनो में कितने 'ड्रिलिंग आपरेशन' किये और उनका क्या परिणाम निकला; और

(ख) इस बारे में आने वा 12 महीनो के लिये जो योजना है उसकी मोटी रूपरेखा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) वित्तीय वर्ष 1972-73 के पहले 10 महीनों, अर्थात् अप्रैल, 1972 से जनवरी, 1973 तक, के दौरान तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने देश के विभिन्न भागो में 52 कुओं का व्यधन कार्य पूरा किया था। शेष दो महीनो अर्थात् फरवरी तथा मार्च, 1973 के दौरान 18 कुओ का व्यधन करने की योजना है । 31 जनवरी, 1973 को पूरे किये गये 52 कुओ में से, 16 कुए तेल / गैस मुक्त, 12 कुए शुष्क पाये गये और शेष 24 कुओ का परीक्षण किया जा रहा था ।

(ख) वित्तीय वर्ष 1973-74 के दौरान आयोग ने देश के विभिन्न भागो मे कुल मिला कर 204, 470 मीटरो की गहराई के 99 कुओ का व्यधन करने की योजना बनाई है ।

प्रत्येक रा य में भूतपूर्व सैनिकों को तेल तथा प्राकृतिक गैस की बिक्री हेतु दी गई एजेंसियां

3094 श्री नवल किशोर शर्मा : क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों में राज्य वार कुल कितने भूतपूर्व सैनिकों को तेल, पेट्रोल तथा गैस की बिक्री हेतु एजेंसियां दी गई है ;

(ख) क्या राजस्थान के भूतपूर्व सैनिक को सबसे कम एजेंसियां दी गई हैं; और

(ग) यदि हां, तो इसका क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।